कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602
AISHE Code : C-21647

दुर्ग, दिनांक : 28/10/2025

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में ‘भूतपूर्व खिलाड़ियो द्वारा वर्तमान खिलाड़ियो को ज्ञानदान

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोतर महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में महिला महाविद्यालय वॉलीबॉल मैदान में भूतपूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ियों द्वारा नए खिलाड़ियों को खेल के गुर सिखाए गये। भूतपूर्व खिलाड़ियों द्वारा वर्तमान खिलाड़ियों को खेल शिक्षा की ये दूसरी कड़ी का कार्यक्रम था, पहली कड़ी में कब्बडी के भूतपूर्व खिलाड़ी छात्रा ने नए खिलाड़ियों को महाविद्यालय में ट्रेकनिक्स सिखाई थी। भूतपूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ी मनीषा खरे जो लगातार विजेता टीम का हिस्सा रहीं थी, ने खिलाड़ियों को टेनिस सर्विस, सर्विस के नियम एवं अण्डरहैण्ड्स सर्विस की जानकारी देते हुए प्रायोगिक रूप से करके दिखाया, वहीं मनप्रीत कौर ने खिलाड़ियों को बॉल लिफ्टिंग, खिलाड़ियों के अनुसार बॉल बनाना सिखाया तथा अनुष्का निषाद ने खिलाड़ियों को ब्लॉक करने का तरीका बताया।

इस अवसर पर भूतपूर्व खिलाड़ी एवं महाविद्यालय की वर्तमान टीम ने प्रदर्शन मैच खेला। जिसमें भूतपूर्व खिलाड़ी टीम 25–18, 25–15 से विजेता रही। मनीषा, मनप्रीत, अनुष्का ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया वहीं महाविद्यालय टीम की दिप्ती राठौर, कोमल सिंह, रेणुका, नीरजरा ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया।

महाविद्यालय क्रीड़ा समिति की संयोजिका डॉ. सुषमा यादव ने भी खिलाड़ियो का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि भूतपूर्व खिलाड़ी छात्राओं का महाविद्यालय से जुड़ा रहना जरूरी है ताकि वे अपने महाविद्यालय की गतिविधियों से अभिज्ञ रहें एवं अपनी छोटी बहनों को अपना अनुभव साझा कर सके।

कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने किया। इस अवसर पर प्रिया साव, मनस्वी निर्मलकर, मानश्री मौर्या, चंचल यादव, नंदनी नायक, भौमिता साहू, मानसी सिंह ठाकुर, हर्षिता आदि उपस्थित थी।

प्राचार्य
शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

# शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)






